अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में बच्चों वितरित की गई को एलबेंडाजोल टैबलेट

आज दिनांक 18 फरवरी 2025 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन व स्वास्थ्य विभाग हरियाणा के सौजन्य से बच्चों को एलबेंडाजोल टैबलेट वितरित की गई। समस्त हरियाणा प्रदेश के स्कूल व कॉलेजों में 'राष्ट्रीय कृमि मुक्ति सप्ताह' मनाया जा रहा जिसका उद्देश्य छात्रों के जीवन की गुणवत्ता में सुधर लाना। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य जागरूकता क्लब और यूथ रेडक्रॉस के बैनर तले आयोजित हुआ। कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता एवं माननीय प्रबंध समिति के दिशा निर्देशन और सहयोग से महाविद्यालय में निरंतर कार्यक्रमों का आयोजन होता है। उन्होने बताया कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के अंतर्गत बच्चों को डिवर्मिंग दवा एल्बेंडाजोल (400mg) की एक खुराक दी गयी। स्वास्थय जागरूकता क्लब के संयोजक डॉ. जयपाल सिंह ने बताया कि आंतों के कीड़ों को सिस्टम में प्रवेश करने से रोकने के लिए हमें भोजन तैयार करने और खाने से पहले हमेशा अपने हाथों को साबुन और साफ़ तौलिये से साफ़ करना चाहिए। इस अवसर पर यूथ रेड क्रॉस काउंसलर मैडम पूजा व सुभाष कैलोरिया, डीपीई डॉ. जगबीर व श्री पवन उपस्थित रहे। इस अवसर पर 19 वर्ष तक के 40 विद्यार्थियों को कृमि नियंत्रण वितरित की गयी।